सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 157 | इंदौर, शुक्रवार 15 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Weather : शिमला से भी ठंडी हुई दिल्ली, पारा 4.9 डिग्री लुढ़का; उत्तर भारत में ठंड से ठिठुरे लोग
2. Parliament Security Breach: संसद भवन में कैसे दाखिल हुए? आरोपियों को ले जाकर सीन रिक्रिएट करेगी दिल्ली पुलिस
3. Jyoti Maurya: पीसीएस अफसर ज्योति मौर्या का तबादला, बरेली से लखनऊ भेजी गईं
4. Bhajan Lal Sharma Oath: 19 मिनट का होगा भजनलाल शर्मा का शपथ ग्रहण समारोह, एक बजे पहुंचेंगे पीएम
5. Sensex Opening Bell: शेयर बाजार में रिकॉर्ड बढ़त बरकरार, सेंसेक्स 300 अंक चढ़ा, निफ्टी 21250 के पार
6. MS Dhoni: युवा खिलाड़ियों के लिए बुरी खबर! सचिन तेंदुलकर के बाद धोनी के सम्मान में बीसीसीआई ने 7 नंबर की जर्सी को किया रिटायर

# एम्स में पहली बार डेथ ऑडिट

**704** लोगों की मौत के कारण जाने

**90** लोगों की जान सिर पर चोट लगने से गई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । चिकित्सकीय त्रुटि के कारण मरीज की मौतन हो इसके चलते भारतीय आयुर्विज्ञानसंस्थान (एम्स) भोपाल में कनाडा कीराजधानी ओटावा की गाइडलाइन की तर्जपर पहली बार डेथ ऑडिट किया गया।इसका उद्देश्य संस्थागत मौत को जीरो करनाऔर मरीज की जान बच सके इसके प्रयासकरना है। रिव्यू में सामने आया कि जनवरीसे अब तक एम्स भोपाल में 704 लोगों कीमृत्यु हुई है। सामने आया कि मरीज को जबभर्ती किया गया था तब कई जांचें कराई गईं।दूसरे और तीसरे दिन मॉनीटरिंग के बादउसकी मृत्यु हुई। ऐसे में ओपीडी में स्क्रीनिंगऔर क्लीनिकल इलाज शुरू होने में होनेवाली देरी को कम करने पर बात की गई ।

अब इन मुद्दों पर दियाजाएगा गंभीरता से ध्यानएम्स भोपाल की डेथ ऑडिट रिपोर्टमें 67.8 प्रतिशत पुरुष और 32.2प्रतिशत महिलाओं की मौत काअध्ययन किया गया। अब एम्स केडॉक्टर्स हार्ट अटैक के मरीजों केसाथ स्टेंडर्ड प्रोटोकॉल का पालनकिया करेंगे। मृत्यु के कारणों का पर्चाभरते समय बेहद सावधानी बरतेंगे।वहीं कोड ब्लू फैसिलिटी का बेहतरतरीके से यूटीलाइजेशन किया जानाचाहिए। ब्लू फैसिलिटी यानी ब्लू ड्रेसपहने वे व्यक्ति जो ऑपरेशन औरअन्य तरह की क्लीनिकल सहायताके लिए उपलब्ध रहते हैं।

ज्यादातर मौतों के येरहे मुख्य कारणमल्टी ऑर्गन फेलियर, एडवांस्डकार्सिनोमा, रोड एक्सीडेंट ,सुसाइड, मृत व्यक्ति ही लायागया, एक्सीडेंट में मस्तिष्क मेंचोट, घाव का सड़ना सहितअन्य ऐसे कारण खोजे गए,जिससे मरीजों की मौत हुई है।

**पहली बार डेथ ऑडिट कियागया। यह पहल काफी सराहनीय है। डॉक्टर्स और हमारा स्टॉफ ऐसेअभिनव प्रयोग के लिए हमेशा आगे रहते हैं।**

**- प्रोफेसर डॉ. अजयसिंह, डायरेक्टर, एम्स**

# मप्र में अब रातें सर्द : राजगढ़, पचमढ़ी-उमरिया में 8 डिग्री के नीचे टेम्प्रेचर, दिन में तापमान बढ़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में अब रातें भी सर्द हो गई हैं। गुरुवार-शुक्रवार की रात तेज ठंड रही। खासकर राजगढ़, पचमढ़ी और उमरिया में टेम्प्रेचर 8 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। पचमढ़ी में शुक्रवार रात तापमान 7.2 डिग्री रहा। दिन के टेम्प्रेचर में जरूर मामूली बढ़ोतरी हुई है, लेकिन उत्तर से सर्द हवाएं आने से ठिठुरन बनी हुई है।**

गुरुवार को कई शहरों में तापमान 26 डिग्री के नीचे ही रहा। पचमढ़ी-मलाजखंड में तो तापमान 22 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि उत्तर भारत में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है, लेकिन मध्यप्रदेश में इसका असर कम है। वहीं, बादल छंट गए हैं। उत्तर से सर्द हवाएं आ रही हैं। इस कारण दिन-रात के टेम्प्रेचर में गिरावट हुई है। अगले दो से तीन दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के गुजरने के बाद तापमान में और भी गिरावट होगी।

### 11 शहरों में तापमान 26 डिग्री के नीचे

गुरुवार को 11 शहरों में दिन का तापमान 26 डिग्री के नीचे रहा। बैतूल में 25 डिग्री, धार में 25.5 डिग्री, पचमढ़ी में 22 डिग्री, रायसेन में 24.4 डिग्री, छिंदवाड़ा में 25.6 डिग्री, खजुराहो में 25.6 डिग्री, नरसिंहपुर में 23 डिग्री, रीवा में 24.4 डिग्री, सीधी में 25.4 डिग्री और मलाजखंड में पारा 22 डिग्री रहा।

इसी तरह दमोह में 27.8 डिग्री, मंडला में 27.2 डिग्री, नौगांव में 27.8 डिग्री, सतना में 27 डिग्री, नर्मदापुरम में 28.4 डिग्री, खंडवा में 28.1 डिग्री, खरगोन में 27.4 डिग्री, रतलाम में 27.2 डिग्री, शिवपुरी में 26.2 डिग्री रहा।

**बड़े शहरों में इतना रहा दिन का तापमान-** भोपाल में 27.8 डिग्री, इंदौर में 26.6 डिग्री, ग्वालियर में 27.4 डिग्री, उज्जैन में 27 डिग्री और जबलपुर में पारा 25.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

**इन शहरों में रातें सर्द-** बुधवार-गुरुवार की रात में राजगढ़ में तापमान 6.8 डिग्री रहा। रायसेन में 9.4 डिग्री, पचमढ़ी में 8.4 डिग्री, ग्वालियर में 9.3 डिग्री, दतिया में 9.5 डिग्री, जबलपुर में 11 डिग्री, मंडला में 9.2 डिग्री, नौगांव में 8 डिग्री, रीवा में 8.6 डिग्री, सतना में 9.4 डिग्री, सीधी में 9 डिग्री, उमरिया में 7.7 डिग्री और मलाजखंड में रात का टेम्प्रेचर 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

राऊ सर्किल से डीपीएस तक सर्विस रोड निर्माण के संबंध में ...

# महापौर व विधायक ने किया निरीक्षण

◆ 7 मीटर के स्थान पर सर्विस रोड की चौड़ाई होगी 9 मीटर- महापौर

◆ नागरिको को मिलेगा बायपास पर ही आवागमन का बेहतर विकल्प

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जनसंपर्क प्रभारी राजेन्द्र गैरोइयि ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक श्री मधु वर्मा द्वारा राउ सर्किल से डीपीएस तक बायपास के समीप सर्विस रोड निर्माण के संबंध में आज निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनकार्य प्रभारी श्री राजेन्द्र राठौर, क्षेत्रीय पार्षद, अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री श्री डीआर लोधी, श्री नरेश जायसवाल, श्री पराग अग्रवाल व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।**

महापौर श्री भार्गव व विधायक श्री वर्मा द्वारा राउ सर्किल से डीपीएस तक बायपास के समीप सर्विस रोड निर्माण के संबंध में तेजाजी नगर चौराहा अंडर पास से निरीक्षण प्रारम्भ किया गया, निरीक्षण के तहत तेजाजी नगर, राला मंडल चौराला, डीमार्ट, तीन ईमली चौराहा तक निर्माणधीन सर्विस रोड का निरीक्षण किया गया। महापौर श्री भार्गव ने कहा कि शहर के बायपास पर बढते यातायात व नागरिको की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए, बायपास के समीप सर्विस रोड निर्माण करने की हमारी प्राथमिकता थी, जिसको देखते हुए, राउ सर्किल से तेजाजी नगर, रालामंडल होते हुए, डीपीएस तक 7 मीटर चौडाई की सर्विस रोड के स्थान पर 9 मीटर सर्विस रोड का निर्माण करने के संबंध में संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही सर्विस रोड निर्माण तथा सर्विस रोड चौडाई में बाधक अतिक्रमण हटाने के संबंध में भी संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये गये।

विधायक मधु वर्मा ने कहा नागरिको को बेहतर से बेहतर यातयात के साथ सडक व्यवस्था मिले इसके लिये निगम द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है, इसी क्रम में आज महापौर जी के साथ राउ सर्किल से डीपीएस तक निर्माणधीन सर्विस रोड का निरीक्षण किया गया, साथ ही सर्विस रोड निर्माण कार्य में बाधित अतिक्रमण हटाने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जनकार्य प्रभारी श्री राजेन्द्र राठौर ने बताया कि राउ सर्किल से तेजाजी नगर, रालामंडल होते हुए, डीपीएस तक कुल 24 कि.मी. की लंबाई की राशि रुपए 77 रोड की लागत से सर्विस रोड का निर्माण किया जा रहा है, 7 मीटर चौडाई की सर्विस रोड के स्थान पर 9 मीटर सर्विस रोड का निर्माण किया जावेगा, इसके लिये बाधक को भी हटाने व शिफट करने की कार्यवाही की जा रही है।

## 50 वर्षों की गतिविधियों की सचित्र स्मारिका का विमोचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । सामाजिक और रचनात्मक कार्यों में सदैव अग्रणी संस्था साकेत एसोसिएशन के सफलतापूर्वक 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में गोल्डन जुबली समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साकेत एसोसिएशन की 50 सालों की गतिविधियों पर आधारित एक सचित्र स्मारिका का विमोचन भी किया गया। साथ ही एसोसिएशन की गतिविधियों में सक्रिय योगदान देने वाली 35 नारी शक्तियों का सम्मान किया गया।**

एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश शाह, सचिन सचिव अतुल जुनेजा ने बताया साकेत नगर स्थित साकेत गार्डन कम्युनिटी हॉल में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया, पद्मश्री श्रीमती जनक पलटा, निगम सभापति मुन्नालाल यादव एवं पार्षद श्रीमती मुद्रा शास्त्री थी। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंदौर में साकेत नगर की पहचान ही अलग है। यहां के रहवासी भी विकास एवं सामाजिक, रचनात्मक कार्यों में अव्वल रहते हैं। एसोसिएशन की की स्मारिका संग्रहणीय ही नहीं बल्कि नई पीढ़ी के लिए भी प्रेरणा का स्रोत भी है। ब्लैक एंड व्हाइट के दौर से लेकर इसमें डिजिटल के दौर तक के चित्रों का संग्रहण लाजवाब है। अतिथि स्वागत नरेंद्र ठाकुरिया, मनोज पारीख, अनिल शाह, अंबरीश नाडकर, अशोक महाजन, धीरज श्रीवास्तव, आरपी तिवारी, जय शिंदे आदि ने किया। स्वागत भाषण, एसोसिएशन की गतिविधियों की जानकारी अध्यक्ष जगदीश शाह ने दी।

## इंदौर संभाग का सेंधवा और झाबुआ जल्दी होगा पूर्ण स्मार्ट मीटरीकृत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। केंद्र शासन की डिजिटलाइजेशन और स्मार्ट मीटर योजना के तेजी से क्रियान्वयन के लिए मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी प्रभावी कार्य कर रही हैं। इंदौर राजस्व संभाग के सेंधवा और झाबुआ को इसी माह अंत तक पूर्ण स्मार्ट मीटरीकृत करने के प्रयास जारी हैं। दोनों ही शहरों में 80 फीसदी स्मार्ट मीटरीकरण पूर्ण हो चुका हैं।**

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि सेंधवा में तीन हजार एवं झाबुआ में ढाई हजार स्मार्ट मीटर लगाना शेष हैं। दोनों ही शहरों में दैनिक आधार पर स्मार्ट मीटरीकरण की समीक्षा अधीक्षण यंत्रियों श्री जेआर कनखरे और श्री डीएस चौहान द्वारा की जा रही हैं। श्री तोमर ने बताया कि दोनों ही शहरों को मात्र तीन माह में स्मार्ट मीटरीकृत किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि उपरोक्त दोनों शहरों के पूर्ण स्मार्ट मीटरीकरण होने के बाद कंपनी क्षेत्र के चार शहर इस तरह पूर्ण स्मार्ट मीटरीकरण वाले हो जाएंगे। इससे पहले महू एवं खरगोन इस श्रेणी के शहर थे। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि कंपनी क्षेत्र के बड़े शहरों इंदौर , उज्जैन, रतलाम, देवास आदि में सतत स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रतलाम शहर को भी अगले तीन माह में पूर्ण स्मार्ट मीटरीकृत करने के आदेश दिए गए हैं, रतलाम में 75 प्रतिशत स्मार्ट मीटरीकरण कार्य हो चुका हैं।

## कांग्रेस नेता मल्हार पर इनाम घोषित करेगी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। प्रापर्टी ब्रोकर अरविंद उर्फ सोनू खिल्लारी पर प्राणघातक हमला करने वाले कांग्रेस नेता दिनेश मल्हार, उमेश मल्हार, मनोज मल्हार, सतीश शिंदे, अंकित नामदेव पर पुलिस इनाम घोषित करने की तैयारी में है। भंवरकुआं टीआइ राजकुमार यादव के मुताबिक, आरोपितों ने तीन दिन पूर्व सोनू पर पालदा में हनुमान मंदिर के समीप हमला किया था।

## निर्भया दिवस पर आयोजित किए जा रहे भव्य कार्यक्रम हेतु अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिले में 16 दिसंबर को ज्वाला संस्था द्वारा निर्भया दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन नेहरू स्टेडियम में किया जा रहा है। उक्त आयोजन के सुचारू रूप से संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ड्यूटी निर्धारण के आदेश जारी किए गए हैं।**

जारी आदेश अनुसार कार्यक्रम स्थल पर आगंतुकों के सुचारू रूप से आगमन एवं निर्गमन संबंधी संपूर्ण व्यवस्था का दायित्व तहसीलदार जूनी इंदौर श्री जगदीश रंधावा, नायब तहसीलदार जूनी इंदौर श्री कमलेश कुशवाह, नायब तहसीलदार राऊ श्री धीरेश सोनी, नायब तहसीलदार मल्हारगंज श्री ओंकार मनाग्रें, नायब तहसीलदार कनाड़िया सुश्री पूजा सिंह चौहान, नायब तहसीलदार भिचौली हप्सी श्री देवेंद्र कछावा को सौंपा गया है। ब्लॉक/पंक्ति में कार्यक्रम के दौरान आगंतुकों की सुविधा हेतु आवश्यक बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रिया पटेल को समन्वयकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर मंच संबंधी संपूर्ण व्यवस्था संयुक्त कलेक्टर श्रीमती रोशनी वर्धमान द्वारा देखी जाएगी। कार्यक्रम में आने वाली बसों को निश्चित समय और पूर्व से निर्धारित स्थान पर उपलब्ध कराना तथा संपूर्ण परिवहन व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने का कार्य क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा तथा डिप्टी कलेक्टर श्री चरणजीत सिंह हुड्डा द्वारा किया जाएगा। इसी तरह स्वल्पहार व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल मारू तथा डिप्टी कलेक्टर निधि वर्मा द्वारा की जाएगी। चिकित्सा व्यवस्था का दायित्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री बी.एस. सैत्या, चिकित्सा अधिकारी श्री अमित मालाकार तथा डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सीमा कनेश मौर्य द्वारा किया जाएगा। विद्यालय तथा महाविद्यालय के प्रतिभागियों को उक्त आयोजन में लाने व ले जाने की व्यवस्था जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की जाएगी। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्रीमती सपना लोवंशी कार्यक्रम संबंधी समस्त व्यवस्थाओं की समन्वय अधिकारी रहेंगी। अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र रघुवंशी कार्यक्रम के दौरान नेहरू स्टेडियम की आंतरिक व्यवस्थाओं के संपूर्ण प्रभारी रहेंगे तथा अपर कलेक्टर श्री रोशन राय कार्यक्रम के दौरान पार्किंग व्यवस्था एवं परिवहन व्यवस्था के संपूर्ण प्रभारी रहेंगे।

## श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति का आयोजन आज

**इंदौर।** श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति इंदौर में सृजन विविधा का आयोजन 15 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। यह वरिष्ठ एवं नवोदित सभी रचनाकारों के लिए अपनी स्वरचित रचना जैसे गीत, गजल, कथा, लेख आदि प्रस्तुत करने का यह एक खुला मंच है।

कटाक्ष



# दुकानदारों को सड़क व फुटपाथ पर सामान ना रखने की दी समझाइश

◆ निरंतर रिमूव्हल विभाग की टीम फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की करेगी कार्यवाही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राजस्व प्रभारी निरंजनसिंह चौहान ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक गोलू शुक्ला द्वारा शहर के मध्य क्षेत्र राजबाडा व आस-पास के क्षेत्रो में दुकानदारो द्वारा दुकान के बाहर फुटपाथ व सडक किनारे सामान रखकर विक्रय करने वालो को समझाईश दी गई, साथ ही अपील की गई कि सामान दुकान के अंदर रखकर ही विक्रय करने अन्यथा निगम द्वारा सामान जब्ती के साथ अन्य आवश्यक कार्यवाही की जावेगी। इस दौरान राजस्व प्रभारी निरंजनसिंह चौहान, क्षेत्रीय पार्षद, अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, मनोज पाठक, रिमव्हूल विभाग की टीम व अन्य उपस्थित थे।**

महापौर श्री भार्गव द्वारा शहर के मध्य क्षेत्र राजबाडा में रेहडी व फुटपाथ पर सामान रखकर विक्रय करने वालो दुकानदारो को सर्वप्रथम आज समझाईश देते हुए, कहा कि शहर के बेहतर यातायात को बनाने के साथ ही राहगीरो के आवागमन को देखते हुए, निगम द्वारा मुहिम चलाई जा रही है, जिसके तहत आज दुकानदारो को समझाईश दी गइ है, इसके पश्चात भी अगर दुकानदारो द्वारा रोड पर या फुटपाथ पर सामान रखकर सामान का विक्रय किया जाता है कि निगम रिमूव्हल विभाग द्वारा कार्यवाही की गई। इसके साथ ही महापौर जी द्वारा राजबाडा के मध्य सीटी बस के संचालन को लेकर भी संबंधित अधिकारियो को निर्देशित कि निर्धारित समय व स्थान पर ही सीटी बस का संचालन करते हुए, समय सीमा का भी ध्यान रखे, यहां-वहां सीटी बस को खडा ना रखे, ताकि आमजन को यातयात मे सुविधा मिले। इस दौरान महापौर श्री भार्गव, विधायक श्री शुक्ला व राजस्व प्रभारी श्री चौहान द्वारा शहर के समस्त व्यवसायियो से हाथ जोडकर अपील की गई कि वह अपने व्यवसाय का संचालन दुकान परिसर में ही करे, सडक व फुटपाथ पर सामान रखकर कर व्यवसाय ना करे, आज हमारे द्वारा आप सभी को समझाईश दी जा रही है, शहर के विकास में सहयोगी व्यापारियो से निवेदन किया कि आप सभी के सहयोग से शहर के यातायात में सुधार होने के साथ ही नागरिको को यातायात सुगम होगा व पैदल फुटपाथ पर चलने वाले राहगीरो को भी चलने में सुगमता होगी, अन्यथा निगम द्वारा मुहिम चलाकर, ऐसे दुकानदारो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जावेगी। साथ ही समस्त व्यापारियो से अपील की है कि वह अपनी दुकानो के बाहर वाहन पार्किंग ना करते हुए, निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन को पार्क करे।

# इंदौर में आयोजित होगी विश्व की सबसे बड़ी आत्मरक्षा कार्यशाला रक्षम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर स्थित एनजीओ ज्वाला (वॉयस ऑफ वूमेन) द्वारा एक अनूठी पहल के तहत विश्व की सबसे बड़ी आत्मरक्षा कार्यशाला ह्लरक्षमह्व का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला निर्भया दिवस के अवसर पर 16 दिसंबर को नेहरू स्टेडियम में सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक आयोजित की जाएगी। ह्लरक्षमह्व आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से 10 हजार महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा करने के उद्देश्य से एक अभूतपूर्व कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यशाला इंदौर को सिर्फ देश ही नही बल्कि विश्व स्तर पर एक नई पहचान दिलाते हुए विश्व रिकॉर्ड स्थापित करेगी। ज्वाला संस्था की संस्थापक डॉ. दिव्या गुप्ता ने बताया कि अपनी स्वच्छता के लिए मशहूर इंदौर शहर अब सुरक्षा के मामले में नया मानक स्थापित कर रहा है। दुनिया के सबसे बड़े आत्मरक्षा कार्यक्रम की मेजबानी करते हुए, इंदौर एक सुरक्षित समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए हजारों लोगों को सशक्त बनाने जा रहा है। यह पहल सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं है बल्कि सुरक्षित कल की ओर हम सभी का एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि ज्वाला (वॉयस ऑफ वूमेन) संस्था का उद्देश्य भारतीय समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं को आसानी से सुलभ संसाधनों के माध्यम से वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।

# इंदौर में फार्मा, लैब एण्ड केमिकल एक्सपो शुरू

◆ देशभर की दवा निमार्ता कंपनियां, लैब व केमिकल की बड़ी कंपनियों के लगे स्टॉल्स पर हाईटेक मशीनें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में 14 से 16 दिसम्बर तक तीन दिनी ऑल इंडिया फार्मा, लैब व केमिकल एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर की दवा निमार्ता कंपनियां, लैबोरेटरी व केमिकल से जुड़ी 110 से ज्यादा कंपनियों ने अपने स्टॉल्स लगाए हैं?

फेडरेशन ऑफ फार्मा एंटरप्रेन्योर्स, लघु उद्योग भारती, मप्र स्मॉल स्केल ड्रग मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन और इंडियन ड्रग मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन द्वारा इस एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। मप्र चेप्टर के चेयरमैन हिमांशु शाह व वाइस चेयरमैन अमित चावला ने बताया कि एक्सपो में देशभर के फॉमुर्लेशन, मशीनरी, रॉ मटेरियल, लैब इक्विपमेंट के निमार्ता व ट्रेडर्स भाग ले रहे हैं। इंदौर में आठ साल बाद इस एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। एक्सपो का आयोजन लाभ गंगा गार्डन में होगा। उद्घाटन 14 दिसम्बर को सुबह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला, विधायक महेंद्र हार्डिया व गौरव कुमार (डिप्टी ड्रग कंट्रोलर, सीडीएससीओ) के आतिथ्य में हुआ। एक्सपो में एमपीसीसीआई, बेसिक ड्रग डीलर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश, पीथमपुर औद्योगिक संगठन, कॉस्मेटिक कॉलेज ऑफ फामेर्सी की भी सहभागिता रहेगी। इसमें दवा उद्योग, फामेर्सी एजुकेशन, पैकेजिंग, मशीनरीज, लैब एण्ड एनालिटिकल इंस्ट्रुमेंट्स, ग्लास वेयर, लैब केमिकल्स, एपीआई, न्युट्रास्युटिकल्स, वाटर एण्ड वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट्स आदि क्षेत्रों की मेन्युफेक्चरिंग कंपनियों के प्रतिनिधि, ट्रेडर्स आदि शामिल हुए हैं।

## श्री क्लॉथ मार्केट कन्या स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव

**इंदौर**। इंदौर के श्री क्लॉथ मार्केट कन्या स्कूल में बुधवार को वार्षिक उत्सव-2023 का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुतियों से आयोजन सराबोर नजर आया। राम भक्ति को स्टूडेंट्स ने भक्ति रस में लीन होकर राम आयेंगे नृत्य के द्वारा प्रस्तुत किया। इसके साथ ही बाल्यकाल से ही भारतीय संस्कृति की लहर को बढ़ावा देने के लिए नर्मदाष्टकम् एवं हनुमान चालीसा को छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। भारत की विभिन्न प्रादेशिक भिन्नताओं में किस प्रकार एकता का स्वरूप नजर आता है, उसे विभिन्न प्रादेशिक नृत्यों के माध्यम से दशार्या गया।

# दो चोरों से नकदी बरामद, पूछताछ जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में लगातार सूने मकानों में चोरी की वारदातें हो रही है। घटना को रोकने पुलिस ने बड़े पैमाने पर धरपकड़ अभियान चला रखा है। अभियान अंतर्गत खजराना पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों ने डेढ़ माह पहले खजराना थाना क्षेत्र के गांधीग्राम के समीप सांई कृपा कालोनी में सूने मकान से नकदी चुराई थी। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली की क्षेत्र के बड़ला में दो युवक खड़े हैं। दोनों युवक रंगाई पुताई का काम करते हैं, लेकिन खूब पैसा खर्च कर रहे हैं। आशंका है चोरी की वारदात की है। सूचना पर पुलिस ने मुखबीर के बताए स्थान से दो युवकों इमरान पिता भय्यू अजमेरी निवासी खजराना और उसके साथी सलमान पिता शहजाद निवासी चंदननगर को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने फरियादी के घर से 20 हजार रुपए चुराए थे। सोलह हजार रुपए मौज मस्ती में खर्च हो गए। उनके पास से पुलिस को 6 हजार रुपए मिले हैं।

## 75 वर्ष पूर्ण कर चुके सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। 75 वर्ष पूर्ण कर चुके अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का बीएसएनएल 15 दिसंबर को स्थानीय जाल सभागृह में एक भव्य समारोह आयोजित कर सम्मान करेगा। इस सम्मान समारोह का आयोजन दूरसंचार सेवा निवृत कर्मचारी संघ द्वारा किया जा रहा है। आयोजन के मुख्य अतिथि रिटायर डी आई जी धर्मेंद्र चौधरी और विशिष्ठ अतिथि बी एस एन एल के प्रधान महाप्रबंधक संजीव सिंघल होंगे। संघ के सचिव प्रेम तिवारी के अनुसार जिन वरिष्ठ सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान होना है उनमें सर्वश्री भँवर सिंह नागर, नारायण चकारिया, भवानी प्रसाद पाल, ए.एच. तलरेजा, श्याम श्राफ, के.एल. राठौर, रामदेव बौरासी गयाप्रसाद पाल, शाहिद मोहम्मद खान श्रीनिवास सातपुते, विट्ठल राव पंवार के.सी. वर्मा आदि शामिल है।

# महापौर की मौजूदगी में अप्रवासी भारतीयों के साथ होगा पोहा पार्टी का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की पहल पर प्रवासी भारतीय इंदौरी लोगों के मंच एनआरआई इंदौरी फोरम का आयोजन 17 दिसंबर को होने जा रहा है। महापौर ने इंदौर के एनआरआई मित्रों का एक सम्मेलन प्रत्येक वर्ष 17 दिसंबर को इंदौरी एनआरआई मीट रूप में करने की पहल की है। उसी के तहत ये आयोजन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में किया जा रहा है।

इंदौर के स्थानीय निकाय और इंदौर के अप्रवासी भारतीयों के मध्य सहयोग, संवाद के लिए इस मंच से लगभग 1000 अप्रवासी जुड़ चुके हैं। इस मौके पर अप्रवासी भारतीयों की सुविधा के लिए एक वेबसाइट भी लॉन्च की जाएगी। महापौर 40 देशों के अप्रवासी इंदौरी लोगों से ऑनलाइन और लगभग 200 लोगों से प्रत्यक्ष चर्चा करेंगे। अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया, यूएई, बहरीन, जापान, आयरलैंड, जर्मनी, स्वीडन के साथ ही अफ्रीकी देशों से अप्रवासी इंदौरी इस कार्यक्रम में ऑनलाइन/ऑफलाइन जुड़ेंगे। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित होगा। इससे पहले 17 दिसंबर की सुबह कुछ अप्रवासी भारतीयों के



साथ विश्राम बाग स्थित राम मंदिर पर पोहा पार्टी का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम में शहर हित के सुझाव के साथ, पर्यावरण, शिक्षा, तकनीक और निवेश के संबंध में चर्चा होगी

### निगम चलाएगा मुहिम

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आदेश के बाद खुले में मांस-मछली की ब्रिकी पर रोक लगाई जाएगी। अभियान चलाकर ऐसी दुकानों को बंद कराया जाएगा। धर्म स्थलों के नजदीक मांस बेचना प्रतिबंधित रहेगा। अब धार्मिक स्थल से स्पीकर पर न तो अजान होगी और न ही भजन किया जा सकेगा। इसके लिए उड़नदस्ता बनाकर अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में धर्म गुरूओं से संवाद और समन्वय के आधार पर लाउड स्पीकरों को हटाने का कार्य किया जाएगा।

## संभागायुक्त श्री मालसिंह ने किया छात्रावासों का औचक निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर संभागायुक्त श्री मालसिंह ने गत दिवस खंडवा रोड मोरोड़ में ज्ञानोदय छात्रावास, एकलव्य छात्रावास और गुरुकुल छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उक्त छात्रावासों में छात्रों को उपलब्ध सुविधाएं, भोजन, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई आदि की जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास में रह रहे छात्रों से बातचीत कर फीडबैक लेते हुए छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं में किसी प्रकार की कोई कमी तो नहीं है इसकी भी जानकारी ली। उन्होंने भोजन कक्ष एवं रसोई कक्ष का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रावास में निवासरत बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए मार्गदर्शक गतिविधियां निरंतर रूप से आयोजित कराई जाएं।

# वीडी शर्मा बोले-आरिफ जी, गुंडागर्दी को ठिकाने लगा देंगे

## कांग्रेस एमएलए ने कैबिनेट के फैसले पर कहा था- ये शिगूफा, उनके पास नया कुछ नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद को कहा है कि आपकी गुंडागर्दी को हम ठिकाने लगा देंगे। दरअसल, बुधवार को पदभार ग्रहण करते ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की पहली ही बैठक में कई अहम फैसले लिए थे। जिसमें धार्मिक स्थलों पर नियमों के खिलाफ लाउड स्पीकर बजाने पर सख्ती और खुले में मांस, मछली बेचने पर प्रतिबंध जैसे फैसले शामिल हैं। इन पर कांग्रेस और बीजेपी के बीच बयान युद्ध छिड़ा हुआ है।**

मोहन सरकार के फैसले पर भोपाल मध्य से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा- ये फैसला केवल भ्रम है, उनके पास नया करने के लिए कुछ नहीं था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मप्र के नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की बुधवार को हुई पहली कैबिनेट मीटिंग में लिए गए फैसले पर मीडिया से चर्चा कर रहे थे। कैबिनेट मीटिंग के फैसले पर गुरुवार को मसूद की प्रतिक्रिया पर वीडी शर्मा से सवाल पूछा गया था। इससे पहले शर्मा ने कहा कि देश के अंदर गारंटी की गारंटी पीएम मोदी हैं। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद पीएम मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए पहला काम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तेंदुपत्ता संग्राहकों की राशि 3 हजार से बढ़ाकर 4 हजार करने का किया।

### विधायक आतिफ बोले- नगर निगम गरीबों को लूटने न लग जाए

लाउड स्पीकर को लेकर सरकार के आदेश पर भोपाल उत्तर से कांग्रेस विधायक आतिफ अकील ने कहा- धार्मिक स्थलों पर पाबंदी नहीं लगना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की जो गाइडलाइन है उसे फॉलो करना चाहिए। मांस-मछली की दुकानों की जहां तक बात है तो पुराने शहर में ज्यादातर लोग कवर करके ही बेच रहे हैं। वो बात उन्होंने रिपीट कर दी तो अच्छी बात है। ये न हो कि इसकी आड़ में नगर निगम के अधिकारी और बहुत सारे लोग उन गरीबों से अवैध वसूली करने लगें।

### बीजेपी एमएलए बोले- कांग्रेस को मस्जिद के लाउड स्पीकर से इतनी मोहब्बत क्यों?

भोपाल की हुजूर सीट से बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा- मप्र सरकार का स्वागत योग्य कदम है। चाहे दुर्गा जी का मंदिर हो, हनुमान जी का मंदिर हो या महावीर स्वामी का मंदिर हो। जहां जिसकी मर्जी आती है। मांस के ठेले लगा देते हैं। सब्जी भाजी की तरह ओपन मांस का धंधा कर रहे थे। उस पर सरकार ने जो सख्त निर्णय किया है, हम मोहन यादव कैबिनेट को धन्यवाद देते हैं।

एमएलए रामेश्वर शर्मा ने कहा- कांग्रेस को क्या मस्जिद के लाउड स्पीकर से इतनी मोहब्बत है। कांग्रेस क्या कहना चाहती है। सुप्रीम कोर्ट को नजर अंदाज करेगी कांग्रेस? भारत में ध्वनि नियंत्रण कानून है। कोलाहल एक्ट का पालन नहीं करेंगे? अगर सरकार ने निर्णय लिया है तो वे हर चीज पर आपत्ति करेंगे। कांग्रेस से पूछकर करेंगे। तुम्हारा माइक बज रहा है बच्चों की लोकल परीक्षाएं चल रहीं हैं। जब जिसकी मर्जी होती है। माइक चलाने लगते हैं।

# मप्र में राजगढ़ की रात सबसे सर्द, पारा 6.8 डिग्री

## जबलपुर, ग्वालियर में टेम्प्रेचर 10 डिग्री से नीचे; अगले 2 दिन बादल छाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, गुना और दूसरे शहरों में गुरुवार सुबह कोहरा-धुंध रही। 8 बजे या इसके बाद धूप खिली भी तो चमक फीकी रही। उत्तर भारत में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से मध्यप्रदेश के कई शहरों में अगले दो दिन 14-15 दिसंबर को बादल छाएंगे।**

प्रदेश में लगातार दूसरे दिन सबसे ठंडी रात राजगढ़ की रही। यहां बुधवार रात पारा 6.8 डिग्री दर्ज हुआ। पचमढ़ी में यह 8.4 रहा। मंगलवार रात राजगढ़ में सबसे कम 7.6 डिग्री तापमान रहा था। नौगांव में 8, रीवा में 8.6, सीधी में 9, जबलपुर में 9.1, मंडला में 9.2, ग्वालियर में 9.3, रायसेन, सतना और मलाजखंड में 9.4, दतिया में 9.5 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा 14.8 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा।

बुधवार को दिन में रायसेन, पचमढ़ी और मलाजखंड सबसे ठंडे रहे। यहां दिन का टेम्प्रेचर 22-23 डिग्री के बीच ही रहे। भोपाल में अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री, इंदौर में 25.2 डिग्री, ग्वालियर में 26.6 डिग्री, उज्जैन में 25.5 डिग्री और जबलपुर में 24.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

### इसलिए ऐसा मौसम

मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया, उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से मध्यप्रदेश में भी हल्के बादल रहेंगे। हालांकि, बादल काफी ऊंचाई पर है। इसलिए बारिश की संभावना नहीं है। बादल की वजह से दिन में भी ठंडक रहेगी। वेस्टर्न डिस्टरबेंस गुजरने के बाद ठंड का असर फिर से बढ़ सकता है।

# इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर दुकान मे उपद्रव मचाकर, किया लूट का प्रयास

## 15 दिन पहले भी दुकान में किया था चोरी का प्रयास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन/बलवाड़ा। मुख्य बाजार में स्थित जनरल स्टोर की दुकान मे बिती रात दो बाइक पर सवार होकर आए 4 उपद्रवी लड़कों ने जमकर ईंट और पत्थर मारकर लूट का प्रयास किया। दुकान मालिक फरियादी सतीश अग्रवाल ने बताया कि बुधवार रात 10.35 बजे मे अपनी दुकान के अंदरूनी हिस्से मे गादी पर सो रहा था। मुझे बाहर दुकान मे से तेज आवाजे आने लगी।**

जिस पर मैंने उठकर देखा, तो दो लड़कों ने मेरी दुकान के मुख्य दरवाजे पर बड़ी ईंट और पत्थर मारकर दरवाजा तोड़ दिया। जिन्हे देखकर मैं जोर-जोर से चिल्लाया। मेरी आवाज सुनकर चारों उपद्रवी इंदौर की और भाग गये। ये चारो 2 बाईक पर सवार थे। एक उपद्रवी की शक्ल में पहचान गया, जो 15-16 दिन पहले भी दिन व रात में मेरे साथ वारदात करके भागे थे।जिसकी सूचना मैंने तुरंत ही मेरे बेटे राहुल को दी। कुछ देर मे राहुल घर पहुँचा और पुलिस को खबर कर बुलाया।

### पुलिस बल ने किया घटनास्थल का मुआयना

घटना की सूचना के एसआई प्रवीण निकुम, एसआई दिनेश डावर, एएसआई दुर्गेश विश्वकर्मा, आरक्षक संजय चैहान ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना किया।अगले दिन गुरवार को पुलिस ने फरियादी सतीश अग्रवाल की रिपोर्ट पर नुकसानी का प्रकरण दर्ज किया।साथ ही पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखें।

### 15 दिन में तीसरी वारदात, पुलिस के हाथ खाली

दुकान मालिक सतीश अग्रवाल ने बताया कि 15-16 दिन पहले भी ये अपराधी मेरी दुकान पर समान लेने के बहाने से आए थे। मेरे पोते के सामने ही मुंह पर लगाने वाला मास्क चुराकर जेब में रख लिया था, जिसके लिए मेरे पोते ने उन दोनों लड़को को ड़ाटा, लेकिन उन दोनों अपराधी लड़कों ने मेरे पोते को गालियाँ देना शुरू कर दी। जिसका मैंने और मेरे बेटे ने विरोध किया तो, उन्होंने हमें मारने के लिए बाहर पड़ी ईंटे उठा ली।

जिसका लोगों ने विरोध कर उन्हें डांटकर वहाँ से भगा दिया। किंतु उसी रात लगभग एक से चार बजे के बीच उन दोनों अपराधियों ने मेरी दुकान के बाहर के दरवाजे पर बड़ी ईंट मारकर वहां से भाग खड़े हुए, जिसकी सूचना अगले दिन मेरे बेटे राहुल ने बलवाड़ा थाने पर दी। साथ ही दिन में मेरे मोबाइल से ली गई उनके फोटो और वीडियो भी पुलिस को दिए थे। लेकिन 15 दिन में भी पुलिस उन दोनों अपराधियों का पता नहीं लगा पाई। परिणामस्वरूप 15 दिन बाद उन दोनों लड़कों ने अपने साथ दो ओर लड़कों को लाकर इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया।

15 दिन में एक ही व्यापारी के साथ लगातार उन्ही अपराधियों द्वारा उपद्रव व लूट का प्रयास करने से बाजार के व्यापारियों व ग्रामीणों में भय के साथ गुस्सा भी नजर आया। ग्रामीणो ने थाना प्रभारी से अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की।

# 13 साल की बच्ची से फ्रेंडशिप कर पोर्न वीडियो भेजे, पड़ोसियों ने रेप किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में 13 साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। पड़ोसी युवकों ने पहले लड़की से दोस्ती की। फिर उसे पोर्न वीडियो भेजे। फिर गलत काम किया। परिजन को यह बात पता चली तो आरोपियों ने लड़की को अकेले ही अहमदाबाद जाने वाली ट्रेन में बैठा दिया।**

राहुल बड़गैया और जय दुबे मेरे गांव के ही रहने वाले हैं। उनके घर मेरे घर के आसपास हैं। इस कारण मैं उन्हें जानती थी। आते-जाते समय दोनों मुझ पर कमेंट किया करते थे। एक दिन बातचीत हो गई। नंबर भी एक्सचेंज कर लिए। दोनों मुझे सोशल मीडिया पर अश्लील मैसेज और वीडियो भेजने लगे। मैं 9 दिसंबर की सुबह 7 बजे रोजाना की तरह स्कूल जा रही थी। गांव के बाहर निकली, तो दोनों मिल गए। वे मुझे राहुल के वेयर हाउस में ले गए। यहां मेरे साथ गलत काम किया।

उन्होंने इसके बारे में किसी को नहीं बताने की धमकी दी। मैं इस कदर डर गई कि घर पर कुछ नहीं बताया। इसके बाद भी मोबाइल पर चैटिंग करते रहे। 10 दिसंबर को जय के साथ चैटिंग करते हुए मेरी मां ने देख लिया। डर के मारे मैं कुछ नहीं बोल पाई। मां ने मुझे बहुत पीटा।

11 दिसंबर को मैं जब स्कूल जा रही थी, तब रास्ते में जय मिल गया। मैंने जय को पूरी बात बताई। कहा- अब तुम मुझसे बात मत करना। जय ने कहा कि हम अहमदाबाद चलते हैं। इसके बाद वह मुझे जबलपुर रेलवे स्टेशन ले गया। उसने अहमदाबाद जाने वाली ट्रेन की टिकट कटवाई। कहा- अहमदाबाद में तुम्हें राहुल मिल जाएगा। फिर ट्रेन में भी बैठा दिया।

12 दिसंबर की सुबह मैं अहमदाबाद स्टेशन पहुंच गई। एक अंकल से फोन लेकर राहुल को कॉल किया, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं किया। वहां काफी देर तक भटकती रही। फिर स्टेशन पर ही एक पुलिसकर्मी ने मुझे देख लिया। उसने पूछताछ की, तो मैंने पूरी बात बता दी। इसके बाद वहां की पुलिस ने जबलपुर पुलिस से संपर्क किया।ह

### पिता ने दर्ज करवाई थी गुमशुदगी

इधर, 11 दिसंबर को जब बेटी घर नहीं पहुंची, तो पिता उसे तलाशते हुए स्कूल पहुंचे। पता चला कि दोपहर में छुट्टी के बाद वह घर चली गई थी। परिजन ने 12 दिसंबर को पनागर थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने लड़की के मोबाइल की कॉल डिटेल और सोशल मीडिया अकाउंट खंगाला। इसमें राहुल और जय का नंबर मिला। पता चला कि दोनों ही लड़की के साथ चैटिंग करते थे। दोनों ने अश्लील चैटिंग करते हुए अश्लील वीडियो-फोटो भी भेजे थे। इस आधार पर पुलिस ने बुधवार को ही जय दुबे को गिरफ्तार कर लिया।

# 14 लाख का इनामी नक्सली मुठभेड़ में ढेर

## बालाघाट में हॉक फोर्स ने मार गिराया; हथियार बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट बालाघाट। बालाघाट में पुलिस ने 14 लाख के इनामी नक्सली चैतु उर्फ मड़काम हिड़मा को मुठभेड़ में मार गिराया। वह मलाजखंड दलम का सक्रिय सदस्य था और कई नक्सली वारदात में शामिल था। मुठभेड़ मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा से लगे कान्हा नेशनल पार्क के सूपखार इलाके में गुरुवार सुबह करीब 5 बजे हुई। मुखबिर से सूचना मिली थी कि सूपखार के खमको दादर जंगल में नक्सली इकट्ठा हुए हैं। वे किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस इनपुट पर हॉक फोर्स ने ऑपरेशन नक्सली शुरू किया। जवानों ने इलाके को घेर लिया और नक्सलियों को सरेंडर करने के लिए कहा। नक्सलियों ने हॉक फोर्स पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग के बाद वे भाग निकले। तलाशी अभियान में एक नक्सली का शव बरामद किया गया। उसकी पहचान चैतु उर्फ मड़काम हिड़मा के रूप में हुई।

### कई दिन से तलाश में थी पुलिस

बालाघाट एसपी समीर सौरभ ने बताया, ह्य25 वर्षीय चैतु छत्तीसगढ़ के बीजापुर का रहने वाला था। पुलिस कई दिन से उसकी तलाश में थी। मुठभेड़ स्थल से हथियार भी बरामद किया गया है।ह्व उन्होंने दावा किया कि पुलिस की इस कार्रवाई से नक्सली बैकफुट पर हैं।

New Delhi

# महिला जज के यौन शोषण के आरोप पर सीजेआई ने मांगी रिपोर्ट, चिट्ठी लिखकर मांगी थी इच्छामृत्यु

**नई दिल्ली, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश की एक महिला सिविल जज ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने इच्छा मृत्यु की मांग की है। उनकी इच्छामृत्यु वाली चिट्ठी पर सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से रिपोर्ट तलब की है।**

रिपोर्ट के मुताबिक, देर रात सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट सेक्रेट्री जनरल अतुल एम कुरहेकर को इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासन से स्टेटस रिपोर्ट मांगने का आदेश दिया। सेकेट्री जनरल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को पत्र लिखकर महिला जज द्वारा दी गई सारी शिकायतों की जानकारी मांगी। इसके साथ ही शिकायत से निपटने वाली आंतरिक शिकायत



समिति के समक्ष कार्यवाही की स्थिति के बारे में भी पूछा।

बता दें, उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में तैनात महिला सिविल जज द्वारा मुख्य न्यायाधीश को लिखे गए पत्र के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। जज ने यौन प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए इच्छामृत्यु की मांग की है। चिट्ठी में दावा किया गया है कि एक पोस्टिंग के दौरान जिला जज और उनके करीबियों ने उनके साथ मानसिक और शरीरिक शोषण किया। इसके अलावा जिला जज ने रात में मिलने का उनपर दबाव भी बनाया।

महिला जज ने अपनी चिट्ठी में कहा, 'मेरे साथ बहुत ही बुरा व्यवहार किया गया। मेरा काफी हद तक यौन शोषण किया गया। मुझे उम्मीद थी कि मैं दूसरों को न्याय दिलाऊंगी। मैं कितनी भोली थी। एक पोस्टिंग के दौरान जिला जज और उनके करीबियों ने मेरा यौन उत्पीड़न किया। मुझे रात में मिलने के लिए कहा गया था।'

उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश समेत अन्य अधिकारियों से इस मामले की शिकायत की, लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि किसी ने एक बार मुझसे यह पूछने की भी जहमत नहीं उठाई कि क्या हुआ, आप क्यों परेशान हैं।

Uttarpradesh


## 'मुझे सोने की ईंट मिली...' महिलाओं से कहा- आपको 10 लाख का सामान दे रहे और उतरवा लिए जेवरात

**औरैया, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के औरैया में सोने की ईंट के नाम पर महिलाओं से तीन अज्ञात लोगों ने ठगी कर ली. ठगों ने महिलाओं के जेवरात ले लिए और सोने जैसी चमकती ईंट उन्हें दे दी. महिलाओं ने जब ईंट को चेक कराया तो उनके होश उड़ गए. इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है. जानकारी के अनुसार, यह घटना औरैया बिधूना कोतवाली के किशनी रोड की है. यहां मैनपुरी के कुरावली की रहने वाली नीलम देवी अपनी बुआ कुशमा के साथ बिधूना तहसील के पसी पुरवा जा रही थीं. रास्ते में भगत सिंह चौराहे के पास नीलम और कुशमा बस से उतरीं, तभी दो युवक उनके पास पहुंचे. युवकों ने उनसे पूछा कि कहां जाना है. इस पर नीलम ने कहा कि पसी पुरवा जाना है. युवकों ने कहा कि हम भी वहीं जा रहे हैं. नीलम और उसकी बुआ के साथ बातें करते हुए युवकों ने दोनों को बहकावे में ले लिया. एक लड़के ने सोने जैसी दिखने बाली ईंट गिराकर कहा कि मुझे ईंट मिल गई. इसके बाद महिलाओं को लालच दिखाकर झांसे में ले लिया.

New Delhi

## पेश बिल विस्थापित कश्मीरियों को देगा अधिकार और प्रतिनिधित्व-अमित शाह

**नई दिल्ली**। आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर में जब राजा हरि सिंह का भारतीय संघ के साथ विलय हुआ, उस वक्त से लेकर अब तक कई उतार-चढ़ाव हुए। 80 के दशक के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का एक दौर आय। सदियों से जो लोग अपनी भूमि पर रहते थे, वो मूल समेत उखड़ गए। किसी भी सरकार ने इनकी चिंता नहीं की। अगर सटीक उपाय और शक्ति के साथ उस वक्त उगते हुए आतंकवाद को खत्म कर दिया गया होता तो किसी को अपना प्रदेश छोड़कर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। ऐसे तमाम विस्थापित कश्मीरियों को उनका हक दिलाने के लिए अंत्योदय की राजनीति करने वाले अमित शाह ने शीतकालीन सत्र के दौरान दिन जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन)



विधेयक, 2023 और जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 को पारित करने के लिए लोकसभा में पेश किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुआई में 5 और 6 अगस्त 2019 को धारा 370 हटाकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन सभी वंचितों की आवाज सुनी है, जिन्हें सालों से कोई नहीं सुन रहा था। पूरा देश जानता है कि धारा 370 हटाने के बाद कश्मीर में आतंकी घटनाओं में भारी कमी आई है। सुरक्षा बलों की मृत्यु दर में गिरावट आई है। घाटी में सालों से बंद थियेटर चलने लगा है और लाल चौक पर गर्व के साथ तिरंगे को फहराया जाने लगा है। जिन लोगों को जूते में पड़े कंकड़ की तरह धारा 370 हटाना खटकता है, उन्हें समझना चाहिए कि इसी बिल का हिस्सा था न्यायिक डिलिमिटेशन। अगर डिलिमिटेशन की प्रक्रिया ही पवित्र नहीं है तो लोकतंत्र कभी पवित्र नहीं रह सकता है। इसलिए इस बिल के अंदर न्यायिक डिलिमिटेशन की व्यवस्था की गई थी। पहले अगर जरूरत हो तो सिर्फ महिलाओं को 2 सीटें दी जाती थी, पर नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 3 सीटें और अपॉइंट करने की डिलिमिटेशन कमीशन की सिफारिश को बिल में परिवर्तन कर के कानूनी जामा पहनाने का काम किया है।

खेल

# सूर्यकुमार का टी20 में चौथा शतक रोहित-मैक्सवेल की बराबरी की

### भारत की द. अफ्रीका पर सबसे बड़ी जीत

जोहानिसबर्ग। मैन ऑफ द मैच कप्तान सूर्यकुमार यादव के शतक के बाद चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव की शानदार फिरकी की मदद से भारत ने तीसरे और अंतिम टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 106 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज1-1 से बराबर कर दी। सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण धुल गया था जबकि दूसरा टी-20 दक्षिण अफ्रीका ने जीता था। यह भारत का अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले विदेश में अंतिम टी-20 मैच था।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर रनों के मामले में सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले टीम इंडिया ने पिछले साल राजकोट में 82 रन से हराया था। इसके अलावा भारत ने दक्षिण अफ्रीका से 2015-16 से टी-20 सीरीज नहीं गंवाई है। 2015-16 में



भारत पिछली बार दक्षिण अफ्रीका से तीन मैचों की सीरीज 0-2 से हारा था।

सूर्यकुमार ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में हमवतन रोहित शर्मा और ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल की बराबरी की। तीनों ही बल्लेबाजों के चार-चार शतक हैं। सूर्यकुमार ने 56 गेंदों में 100 रन बनाए और सात चौके व आठ छक्के जड़े। भारत ने 20 ओवर में सात विकेट पर 201 रन बनाए। सूर्यकुमार के अलावा यशस्वी जायवाल (60) ने तीसरा अर्धशतक लगाया। यशस्वी और सूर्यकुमार ने तीसरे विकेट के लिए 70 गेंदों में 112 रन की शतकीय साझेदारी निभाई।

जवाब में दक्षिण अफ्रीका 13.5 ओवर में 95 रन पर ही ढेर हो गया। अपने जन्मदिन के दिन कुलदीप की गेंदों को मेजबान टीम के बल्लेबाज समझ नहीं पाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेविड मिलर (35) ने सर्वाधिक रन बनाए। कुलदीप के अलावा जडेजा (2/25) ने भी विकेट चटकाए।

75 रन पर आधी टीम पवेलियन में- लक्ष्य का पीछा करने उतरे दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज लगातार विकेट गंवाते रहे। 75 रन के स्कोर पर दक्षिण अफ्रीका की आधी टीम पवेलियन लौट गई थी। एक छोर पर डेविड मिलर स्कोर बनाते रहे। हालांकि कुलदीप ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया। उन्होंने डोनोवेन (12), महाराज (01), बर्गर (01), विलियम्स (00) को आउट किया जबकि मिलर 35 को बोल्ड करके दक्षिण अफ्रीका की पारी समेट दी।

सिनेमा

## श्रेयस तलपड़े की हार्ट अटैक के बाद हुई एंजियोप्लास्टी, तबीयत में सुधार, कब होंगे डिस्चार्ज?

बॉलीवुड के गलियारों से गुरुवार शाम को शॉकिंग खबर आई. मशहूर एक्टर श्रेयस तलपड़े को हार्ट अटैक आया, जिसके बाद उन्हें तुरंत मुंबई के Bellevue अस्पताल में एडमिट कराया गया. एक्टर की डॉक्टर्स ने एंजियोप्लास्टी की. उनकी ये सर्जरी सक्सेसफुल रही. जानते हैं अब कैसी है श्रेयस की तबीयत. अस्पताल प्रशासन ने एक्टर की हेल्थ का अपडेट दिया था. उनके मुताबिक, गुरुवार शाम को श्रेयस अस्पताल में एडमिट हुई थे. 10 बजे के करीब उनकी हार्ट सर्जरी हुई थी. अब उनकी तबीयत में सुधार है. उनकी कंडीशन स्टेबल है. कुछ दिनों में वो डिस्चार्ज हो जाएंगे.



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्टर मुंबई में फिल्म वेलकम टू जंगल की शूटिंग कर रहे थे. अक्षय कुमार ने इंस्टा पर फिल्म के सेट का एक वीडियो शेयर किया है. इसमें श्रेयस भी नजर आते हैं. अक्षय वीडियो में स्टंट कर रहे हैं. उनके पीछे सीढ़ियों पर श्रेयस खड़े हैं. वीडियो में एक्टर्स को मस्ती करते हुए देखा गया. मगर किसी को भनक नहीं थी कि अगले ही पल श्रेयस के साथ ऐसा कुछ हो जाएगा. जानकारी के मुताबिक, शूटिंग खत्म होने के बाद श्रेयस बेहोश होकर गिर गए थे. आनन फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया था. मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित Bellevue में उनकी एंजियोप्लास्टी हुई.

इंडियो टुडे को सूत्रों ने बताया कि शूटिंग के वक्त एक्टर की तबीयत एकदम सही थी. वो सेट पर मस्ती भी कर रहे थे. अपना शॉट भी उन्होंने अच्छे से दिया. शूटिंग के बाद वो घर गए. उन्होंने पत्नी से बेचैन और अनईजी फील करने की शिकायत की. इसके बाद एक्टर बेहोश हो गए. पत्नी दीप्ति उन्हें तुरंत अस्पताल ले गईं.

# संपादकीय

## अंतरराष्ट्रीय कानूनों के पालन की सख्त जरूरत

कुछ लोगों का मानना है कि प्रस्ताव का समर्थन कर भारत ने इजराइल से नाराजगी मोल ले ली है। मगर ऐसा बिल्कुल नहीं माना जाना चाहिए। भारत अब भी हमास को आतंकी संगठन मानता है। मगर वह दूसरी तरफ फिलिस्तीन की एक देश के रूप में संप्रभुता का भी वह हिमायती है। अभी गाजा में जिस तरह के हालात हैं, उसमें मानवीयता संबंधी अंतरराष्ट्रीय कानूनों के पालन की सख्त जरूरत है। इजराइल-हमास संघर्ष रोकने की तमाम कोशिशें अभी तक नाकाम साबित हुई हैं। ऐसे में गाजा में मानवीय मदद मुहैया कराने के लिए युद्ध पर रोक और बिना शर्त बंधकों की रिहाई का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में पारित होने से सकारात्मक नतीजे की उम्मीद बनी है। इस प्रस्ताव पर भारत ने पक्ष में मतदान किया। इस तरह फिलिस्तीन पर इजराइल के हमले को लेकर भारत का रुख और स्पष्ट हो गया है। अक्तूबर में जब हमास ने इजराइल पर हमला किया, तो भारत ने इजराइल का साथ दिया था। तब माना जाने लगा था भारत का रुख बदल गया है। वह अपनी पुरानी फिलिस्तीन समर्थक नीति से उलट पक्ष में जा खड़ा हुआ है। तब अमेरिका और इजराइल से भारत की दोस्ती को सामने रख कर देखा जा रहा था। कई लोगों का मानना था कि भारत इजराइल और अमेरिका के विरोध में जाएगा, तो उसे भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है, इसलिए वह फिलिस्तीन के विरोध में खड़ा है। मगर फिर जल्दी ही भारत ने फिलिस्तीन की स्वतंत्रता और संप्रभुता की हिमायत कर स्पष्ट कर दिया था कि उसका रुख बिल्कुल नहीं बदला है। इजराइल ने गाजा पर हमले तेज किए और वहां रसद, पानी, बिजली की आपूर्ति रोक दी, तो भारत ने वहां राहत सामग्री और दवाओं की खेप भी भेजी थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा में मिस्र द्वारा लाए गए प्रस्ताव का समर्थन कर भारत ने मानवता के पक्ष में अपनी संजीदगी जाहिर की है। इजराइल ने गाजा में भारी तबाही मचाई है और उसे युद्ध कानूनों की भी परवाह नहीं रह गई है। अस्पतालों तक को नहीं बख्शा गया है। उसमें अब तक अठारह हजार से ऊपर लोगों के मारे जाने और पैंतालीस हजार से अधिक लोगों के घायल होने का अनुमान है। उनमें ज्यादातर बच्चे और महिलाएं हैं। गाजा में मौजूद लोगों तक सहायता सामग्री पहुंचाना मुश्किल है। बंधकों की रिहाई के प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो पाए हैं। इसलिए इस प्रस्ताव के पारित होने को एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। इसके समर्थन में कुल एक सौ तिरानबे सदस्यों में से एक सौ तिरपन ने मतदान किया, जबकि केवल दस देश इसके विरोध में रहे। तेईस देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। दरअसल, भारत इस बार इसलिए मतदान में शामिल हुआ कि इस प्रस्ताव में हमास का जिक्र नहीं था। यह मानवीय मदद पहुंचाने के लिए लाया गया प्रस्ताव था।

### अर्ज किया है..!

*इंसान की नियत का*
*भरोसा नहीं कोई*
*मिलते हो तो इस बात को*
*इम्कान में रखना*

*- अंजुम ख़लीक़*




**भरोसा 2 तरह से किया जा सकता है ...**
**1...कुछ भी सोचे बिना किसी के चरणों में समर्पित हो जाना ....**
**2...पूरी तरह जान लो... फिर समर्पित होना...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# कब है मार्गशीर्ष पूर्णिमा

## इस दिन मिलेगा 32 गुणा अधिक फल, जानें तारीख और महत्व



पूर्णिमा तिथि का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। मार्गशीर्ष माह में आने वाली पूर्णिमा तिथि साल 2023 की आखिरी पूर्णिमा रहेगी। मार्गशीर्ष मास की पूर्णिमा तिथि 26 दिसंबर 2023 को है। इस पूर्णमि पर कई शुभ संयोग बन रहे हैं। पूर्णिमा का व्रत रखने से व्यक्ति को सुख सौभाग्य की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं मार्गशीर्ष पूर्णिमा की तिथि, शुभ मुहूर्त और महत्व। इस बार मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन शुक्ल योग, ब्रह्म योग का शुभ संयोग रहने वाला है। इन दोनों शुभ ग्रहों के बीच व्रत रखने वाले व्यक्ति को भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और चंद्रमा की पूजा करने से ग्रहों के दुष्प्रभाव से कमी आएगी।

### ◆ मार्गशीर्ष पूर्णिमा का शुभ मुहूर्त

मार्गशीर्ष मास की पूर्णिमा तिथि का आरंभ 26 दिसंबर 2023 को सुबह 5 बजकर 46 मिनट पर होगी और 27 दिसंबर सुबह 6 बजकर 2 मिनट तक रहेगी। उदय तिथि में पूर्णिमा 26 तारीख को होने के कारण पूर्णिमा का व्रत 26 सितंबर को ही रखा जाएगा।

शॉपिंग- मेगा इलेक्ट्रॉनिक डेज़ सेल (9-17 दिसंबर)- लैपटॉप, स्मार्टवॉच, हेडफोन आदि पर 75% तक की छूट ।

### ◆ मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन क्या करें

मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में किसी पवित्र नदी में स्नान करें यदि आप नदी में स्नान करने में विफल रहते हैं तो घर पर ही गंगाजल मिलाकर स्नान करें। साथ ही इस दिन भगवान लक्ष्मी नारायण की पूजा करें। भगवान विष्णु को पीले रंग के फूल वस्त्र पीली मिठाई आदि चीजें अर्पित करें। साथ ही इस दिन सत्यनारायण भगवान की कथा पढ़ना भी बहुत शुभ माना जाता है। इस दिन लक्ष्मी नारायण की विधिवत पूजा करने से घर में खुशहाली और सुख संपत्ति बनी रहती है।

इसके अलावा मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन तुलसी की जड़ की मिट्टी से पवित्र नदी में स्नान करने से माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। इस दिन किए गए दान बाकी पूर्णिमा की तुलना में 32 गुना अधिक फलदायी है।

## Highlights

- **BJP shares pic of Parliament breach mastermind Lalit with TMC MLA Tapas Roy**
- **Record Day At Stock Markets, 70,000 & 21,000 Breached For Close**
- **Truth Behind The Jolly Joseph Case: What Really Happened?**
- **Crimes Against Women On Rise But Society's Ignorance Is Appalling**
- **Mahadev App Promoter Arrest A Caution For Others**
- **Swiggy Reveals Interesting Order Details From 2023**
- **The mastermind behind Parliament security breach held**

# Reliance becomes biggest wealth creator in last 5 years; surpasses TCS, Infosys: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Mukesh Ambani-headed Reliance Industries Limited (RIL) has emerged as the largest wealth creator of not just 2023, but of the last five years. RIL has also surpassed firms like TCS and Infosys in this race.

RIL has remained the biggest wealth creator since 2018, five times in a row, according to a report by Motilal Oswal.

According to the data mentioned in the report, Reliance created around ₹9.6 lakh crores of wealth so far in 2023. Meanwhile, the price to earning ration of the firm also climbed up 24 times in 2023, as compared to 15 times in 2018.

RIL has surpassed firms like Tata Consultancy Services, ICICI Bank, Infosys and Bharti Airtel in wealth creation this year, retaining the top position on the survey for five years straight.

Meanwhile, a low-profile company called Lloyd Metals became the fastest wealth creator over the last five



years, from 2018 to 2023. The price compounded annual growth rate (CAGR) of the company touched 79 percent.

Lloyd Metals ended up surpassing two firms owned by billionaire Gautam Adani - Adani Enterprises and Adani Power. Adani Enterprises was on the second position with 78 percent CAGR, while Adani Power slipped to the 5th position with 52 percent CAGR.

Top 5 wealth creating companies of India

While Mukesh Ambani's Reliance remained firm on the top spot of leading wealth creators of India, the second spot was taken by TCS, as per the Motilal Oswal report. Mentioned below is the wealth created by the top 5 companies on the list -

Reliance Industries Limited - ₹9,63,800 crore

Tata Consultancy Services - ₹6,77,400 crore

ICICI Bank - ₹4,15,500 crore

Infosys - ₹3,61,800 crore

Bharti Airtel - ₹2,80,800 crore

# Apple's valuation may soon be more than Europe's largest stock market, here's how

**NEW DEIHI, (Agency)**Technology giant Apple is known to be one of the biggest and most profitable name in the industry. But on Wednesday, the firm made headlines for making an impact to be remembered on the largest stock market of Europe - France.

The French stock market is considered among the big leagues even for firms valued at billions of dollars, but the iPhone maker is eclipsing the largest stock market in Europe with its rising valuation, now crossing USD 3.1 trillion.

Apple Inc is now the world's most valuable publicly traded company, and its market



value on Wednesday closed at a record high, at $3.1 trillion. Meanwhile, combined market value of companies listed on the French stock market was about $3.2 trillion as of Wednesday's close.

According to an index compiled by Bloomberg, Apple is not only on track to dominate the French stock market, but is also bigger than all but the six largest stock markets in the world, as per its most recent market value.

As surprising as it may seem, this is not the first time that the iPhone maker has overtaken Paris' stock exchange in terms of market value. The duo swapped positions a number of times during last year's second-half selloff as central banks raised interest rates to tackle inflation.

# लोडिंग वाहन में घुसी बाइक, 2 की मौत, एक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समीपस्थ पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र में सीसी पावर चौराहे के पास एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।**

जानकारी के अनुसार चौराहे के पास खड़ी कार (एमपी09जेडजे 7311) के चालक ने अचानक कार का दरवाजा खोल दिया, जिससे पीछे से आ रही बाइक बेकाबू होकर लोडिंग वाहन में घुस गई। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक अब्दुल रजाक ने बताया कार चालक की लापरवाही से संस्कृति पिता भगवान लोधी (14), सुमन पति रूप सिंह लोधी (35) की मौत हो गई। वहीं बृजेंद्र पिता भगवान लोधी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद पुलिस ने लोडिंग वाहन को जब्त कर लिया। शवो का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पीथमपुर में पोस्टमॉर्टम किया गया।

### स्कूली वैन ने मारी टक्कर, 13 साल के बच्चे की मौत

स्कूली वैन से टक्कर लगने से एक 13 साल के बच्चे की मौत हो गई। बच्चे के परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे यहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला पीथमपुर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का है। बच्चे के पिता आशीष चौबे ने बताया कि उनका 13 साल का बेटा आरुष चौबे रोड पर चल रहा था। पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कूली वैन ने उसे टक्कर मार दी। इस दौरान आरुष गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे महू के निजी अस्पताल लाया गया यहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर बच्चे के शव को सिविल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए लाया गया यहां पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।टक्कर मारने के बाद स्कूली वैन का ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

# हिट-एंड-रन केस का आरोपी गिरफ्त से बाहर

## पुलिस को नहीं मिल रहा स्कॉर्पियो से रौंदने वाले का सुराग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गत 10 दिसंबर को हिट एंड रन केस में रिटायर्ड मुख्य कृषि वैज्ञानिक की मौत के मामले में आरोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से दूर है। बुजुर्ग को कुचलने वाला कार चालक कौन था, ये अभी भी एक पहेली ही बना हुआ है। गाड़ी नंबर के आधार पर पुलिस उसका पता लगाने में जुटी है। गाड़ी भोपाल के नंबर पर रजिस्टर्ड है। पुलिस ने गाड़ी मालिक से पूछताछ के लिए जल्द ही टीम भोपाल भेजने की बात कही है।**

मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक फोटो और वीडियो तेजी से वायरल होने लगा। इसमें फुटपाथ पर लेटे बुजुर्ग को कार (स्कॉर्पियो) चालक कुचलता हुआ नजर आ रहा था। पता चला कि वीडियो स्नेह नगर का है और घटना रविवार की है। वायरल वीडियो देखकर परमाणु नगर निवासी कैलाश रुवाली अपने छोटे भाई राकेश के साथ जूनी इंदौर थाने पहुंचे। कैलाश आरआर कैट में कनिष्ठ वैज्ञानिक हैं। जूनी इंदौर पुलिस ने बुजुर्ग की बॉडी एमवाय अस्पताल की मर्चुरी में होने की बात कही। इस पर कैलाश ने अस्पताल जाकर बुजुर्ग की शिनाख्त अपने पिता खीमानंद रुवाली के रूप में की।

### मुख्य कृषि वैज्ञानिक के पद से हुए थे रिटायर

कैलाश ने पुलिस को बताया कि उनके पिता डॉ. खीमानंद रुवाली कृषि विभाग में मुख्य कृषि वैज्ञानिक के पद से रिटायर हो चुके हैं। उन्होंने कृषि अनुसंधान केंद्र और कृषि कॉलेज में कई रिसर्च किए हैं। 82 वर्षीय खीमानंद रुवाली फिलहाल तिलक नगर के पास कृषि विहार कॉलोनी में रहते थे। उनकी मनःस्थिति फिलहाल ठीक नहीं थी। सुनने की क्षमता जा चुकी थी और मानसिक संतुलन भी गड़बड़ा गया था। 6 दिसंबर को वे बिना बताए घर से चले गए थे। घटना 10 दिसंबर की है। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर उनकी काफी तलाश की, लेकिन जब उनके बारे में पता नहीं चला तो तिलक नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी।

### भोपाल भेजेंगे टीम

जूनी इंदौर टीआई शैलेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि जिस गाड़ी (एमपी 04 बीए 9440) से बुजुर्ग को रौंदा गया है, वो बाबूलाल यदुवंशी निवासी गोविंद नगर भोपाल के नाम से रजिस्टर्ड है। गाड़ी मालिक से पूछताछ के लिए भोपाल टीम भेजी जाएगी। तभी पता चलेगा की गाड़ी कौन चला रहा था।

### गाड़ी और चालक दोनों गायब

घटना के बाद से ही गाड़ी और चालक दोनों गायब हैं। पुलिस को भी अभी तक दोनों के बारे में कोई सुराग नहीं मिला है। बुजुर्ग को कुचलने के बाद गाड़ी और ड्राइवर कहां गायब हो गए, ये सवाल अब तक अनसुलझा है। ड्राइवर भोपाल गया या कहीं और फरार हो गया, इस बारे में जानकारी जुटाने के लिए पुलिस लगातार सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

# ट्रेफिक पुलिस को मिला फ्री हैंड

## सडक़ से अतिक्रमण हटाने निगम करेगा सहयोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर के यातायात को बेहतर करने ट्रेफिक पुलिस को प्रशासन ने फ्री हैंड दिया है। निगम सडक़ से अतिक्रमण हटाने में ट्रेफिक पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगा। रिमूव्हल विभाग का अमला ट्रेफिक पुलिस की कार्रवाई में मददगार बनेगा। ट्रेफिक की उपायुक्त मनीष अग्रवाल ने बताया कि ट्रेफिक पुलिस लगातार व्यस्त मार्गो पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों पर कार्रवाई कर रही है। कुछ दिनों से सडक़ और फुटपाथ पर बोर्ड, सामान रखने वालों पर भी नियमानुसार कार्रवाई की गई। गुरूवार को ट्रेफिक पुलिस के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नवलखा, टावर चौराहा, भंवरकुआ आदि मार्गो का दौरा किया। इस दौरान सडक़ पर सामग्री रखकर कारोबार करने वालों को चेतावनी दी गई की आज शुक्रवार से सामग्री रखी गई तो जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस ने महापौर से कहा कि कार्रवाई के दौरान जब्ती वाहन उठाने के लिए संसाधन नहीं मिल पाते हैं। इस पर महापौर ने पुलिस को आश्वस्त किया कि रिमूव्हल वाहन के साथ अमला भी साथ रहेगा। बगैर किसी दबाव प्रभाव के कार्रवाई को अंजाम दें। जो व्यापारी लगातार कार्रवाई के बाद भी सडक़ पर सामग्री रखता है तो उसका लायसेंस रद्द किया जाएगा।

# युवती की हत्या में साक्ष्य छुपाने वाला गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रावजी बाजार थाना क्षेत्र के जबरन कालोनी में महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने गुना निवासी प्रवीण धाकड़ को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद गुरुवार को आरोपी के साथी को साक्ष्य छुपाने के मामले में पुलिस ने दबोच लिया है।**

पुलिस ने बताया कि गत 9 दिसम्बर को घटना स्थल पर महिला निकिता प्रजापत मूल निवासी सागर की खूनसनी लाश मिली थी। महिला की गले में कैंची मारकर हत्या की गई थी। इस अंधेकत्ल को पुलिस ने चुनौती पूर्ण लिया था। कोई प्रत्यक्षदर्शी और मृत महिला का मोबाइल नहीं होने से आरोपी तक पहुंचने में पुलिस को दिक्कत आ रही थी। लेकिन पुलिस ने डाटा एनालिसिस के बाद आरोपी का सुराग लगाया और उसे गुना स्थित परखोड़ा गांव से पकडक़र लाई। आरोपी इंदौर में ही गोदरेज कंपनी में कार्यरत था। उसकी कुछ दिन पहले ही महिला से इंसटा ग्राम से दोस्ती हुई थी। दोस्ती के बाद उसने जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया था।

### फरार कराने में बना मददगार

पुलिस ने बताया कि आरोपी का रिश्तेदार रिंकू धाकड़ ने हत्याकांड के बाद भागने के लिए स्कूटी दी थी। स्कूटी में ही उसने मृतका और आरोपी का मोबाइल रखा था। आरोपी स्कूटी से लवकुश चौराहा तक गया था। यहां रिंकू ने स्कूटी लेकर आरोपी को फरार कराया था। रिंकू राऊ के समीप ग्राम सोनवाय में निजी कंपनी में काम करता है। सूत्रों ने बताया कि आरोपी ने हत्या के बाद उसे मृतका के घर बुलाया था।

### मजदूर की हत्या में संदिग्ध धराए

बुधवार देरात तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के नायता मुंडला क्षेत्र में मजदूर की मैदान में खूनसनी लाश मिली थी। लाश के पास बड़ा पत्थर था। मजदूर कुछ दिन पहले ही मांगलिया से वहां रहने आया था। पुलिस की मानें तो वह मजदूरी के अलावा भिक्षावृत्ति भी करता था। घटना स्थल के सामने वाइन शाप पर भिक्षावृत्ति के दौरान विवाद में उसकी हत्या की गई है। मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है।

## लाउडस्पीकर हटाने को लेकर जारी होंगे नोटिस

**इंदौर।** नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लाउडस्पीकर और मांस बिक्री की दुकानों को लेकर जारी किए गए आदेश को लेकर इंदौर प्रशासन गंभीर है। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी. का कहना है कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार एक कमेटी का गठन करके सभी धर्म गुरूओं से संवाद किया जाएगा। धार्मिक और सार्वजनिक स्थान जहां ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग होता है उनका निरीक्षण करके कोलाहल अधिनियम के तहत धार्मिक स्थलों पर लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों को हटाने के लिए नोटिस जारी किए जाएंगे। इसमें पुलिस प्रशासन का भी सहयोग रहेगा। इसके साथ ही आदतन अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक